NT>

Title: Need to look into the problems faced by farmers relating to irrigation of lands across the railway line in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra − Laid.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली में जो रेलवे लाईनें हैं, उनके दोनों तरफ किसानों के खेत हैं। वे सिंचाई के लिए रेल लाईन एक तरफ से लाईन के दूसरी तरफ के खेतों को पानी नहीं दे सकते हैं। किसान लोग एक तरफ के खेतों से दूसरी तरफ खेतों को पानी देने के लिए रेलवे से जब मंजूरी मांगते हैं तो उनसे इन कार्यो के कई हजार रूपये लिए जाते हैं, जो जायज नहीं हैं। रेलवे के पास कई तकनीक हैं एवं इन तकनीकों से रेलवे के लाईन के एक तरफ से दूसरी तरफ पानी देने के लिए व्यवस्था कर सकती है और उन पर इस कार्य के लिए चार्ज नहीं लिया जाये रेलवे प्रयोजन के लिए जब इन किसानों से भूमि अधिग्रहीत की थी, उनको उचित मुआवजा नहीं दिया गया एवं कुछ लोगों को तो मुआवजा नहीं दिया गया है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस कार्य के लिए रेलवे किसी प्रकार का चार्ज किसानों से न ले और लाईन के एक ओर से दूसरी ओर पानी देने के लिए आधुनिक तकनीकी के प्रयोग के माध्यम से किसानों को अपने खेतों को सिंचाई करवाने में मदद करे।